महत्वपूर्ण/समयबद्ध

पत्र सं0- जनसूचना-ऑनलाइन आवेदन/2021-22 / 643 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

ज्वाइन्ट कमिश्नर (जनसूचना), वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।

सेवा में,

1- समस्त प्रथम अपीलीय अधिकारी (जनसूचना)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

2- समस्त जनसूचना अधिकारी,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

(जनसूचना अनुभाग) लखनऊ :: दिनांक :: 26 अगस्त, 2021

विषय - सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत आवेदनों/ प्रथम अपीलों को वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त कर समयान्तर्गत निस्तारण किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

कृपया शासन द्वारा विकसित **सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत आवेदनों/ प्रथम** अपीलों को वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त कर आवेदक को समयान्तर्गत सूचना प्रेषित करते हुए वेब पोर्टल पर उसका निस्तारण किया जाना अपेक्षित है ।

उपर्युक्त के संबंध में अवगत कराना है कि वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in पर प्राप्त **आवेदनों/ प्रथम अपीलों** का सम्बन्धित जनसूचना अधिकारियों एवं अपीलीय अधिकारियों द्वारा समयान्तर्गत निस्तारण नही किया जा रहा है । अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि शासन की अपेक्षानुसार उक्त वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in का अवलोकन कर समय से आवेदन पत्रों एवं अपीलों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें । वेब पोर्टल https://rtionline.up.gov.in समय से निस्तारण न होने की दशा में शासन द्वारा यदि किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी ।

भवदीय,

(दिनेश कुमार वर्मा)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (जनसूचना) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।

पृ0प0सं0व दिनांक उक्त

प्रतिलिपि :-

1- समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ समस्त अपीलीय अधिकारियों एवं जनसूचना अधिकारियों को अपने स्तर से उक्त निर्देश का अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ।

2- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को उक्त पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

ज्वाइन्ट कमिश्नर (जनसूचना) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।